भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1209
उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

†**1209. श्री शान्तनु ठाकुरः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की योजना परामर्श, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन को बढ़ावा देने में सक्षम रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या ये योजनाएं मेंटी संस्था की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने और अनुसंधान, अनुसंधान शिक्षण और सीखने के तरीकों की गुणवत्ता में सुधार के परिणामस्वरूप इसके यश को बढ़ाएंगी; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की 'परामर्श' योजना का उद्देश्य उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन को बढ़ावा देना है। 'परामर्श' योजना, उन्नत प्रदर्शन करने वाले प्रत्यायन प्राप्त संस्थानों को, आकांक्षी संस्थानों को उनके शैक्षिक निष्पादन में उन्नति करने एवं एनएएसी प्रत्यायन प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन देने के लिये प्रोत्साहित करेगी।

(ग) और (घ): इस योजना में अनुसंधान, शिक्षण और अधिगम कार्यपद्धति की गुणवत्ता में सुधार के परिणामस्वरूप, मेंटी संस्थान की समग्र गुणवत्ता में वृद्धि लाने और इसकी रुपरेखा को बेहतर करने की परिकल्पना है। 'परामर्श' योजना के दिशा-निर्देश https://www.ugc.ac.in/pdfnews/8400459_ParamarshEnglish.pdf पर उपलब्ध हैं।

*****